| |
|---|
| दिनांक 14.11.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 22/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना सिहानीगेट**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 52 किलो 100 ग्राम कॉपर वायर**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 14.11.2024 को थाना सिहानीगेट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हमदर्द चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त नदीम उर्फ कल्लू उर्फ नूर मोहम्मद उर्फ आकाश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 52 किलो 100 ग्राम कॉपर वायर, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिहानीगेट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नदीम उर्फ कल्लू उर्फ नूर मोहम्मद उर्फ आकाश निवासी रामपार्क खुदा बक्श कॉलोनी थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1—लूट के 52 किलो 100 ग्राम कॉपर वायर।

2—01 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना मोहनलालगंज

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 मोटर साइकिल**
- **06 हजार 980 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 14.11.2024 को थाना मोहनलालगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मऊ अतरौली तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0आरिफ उर्फ भूरे उर्फ खुशनवाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 मोटर साइकिल, 06 हजार 980 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बहराइच व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मोहनलालगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0आरिफ उर्फ भूरे उर्फ खुशनवाज निवासी चांदपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—चोरी की 03 मोटर साइकिल।

2—06 हजार 980 रूपये नगद।

## जनपद हमीरपुर/थाना मौदहा

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 02 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.11.2024 को थाना मौदहा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पढ़ौरी रोड ग्राम परछा डेरा मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–विपिन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–रोशन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 02 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 11.11.2024 को थाना मौदहा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मौदहा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मौदहा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विपिन निवासी बाकी रोड कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

2–रोशन निवासी ग्राम छिमौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 02 हजार रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 15.8 किलोग्राम तांबे का तार, मोटर के पार्टस**
- **10 हजार 200 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 13.11.2024 की रात्रि थाना अरनिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजली घर पुराने खण्डहर के पास से 05 अभियुक्तों 1–अनवार 2–सदरूल 3–सलमान 4–दो अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 15.8 किलोग्राम तांबे का तार, मोटर के पार्टस, 10 हजार 200 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अनवार के विरूद्ध जनपद अलीगढ़, बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग, अभियुक्त सदरूल के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग व अभियुक्त सलमान एवं दो अभियुक्ता के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06–06 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–अनवार निवासी पोखर के पास नुमाईश ग्राउण्ड थाना गभाना जनपद अलीगढ़।

2–सदरूल निवासी पोखर के पास नुमाईश ग्राउण्ड थाना गभाना जनपद अलीगढ़।

3–सलमान निवासी पोखर के पास नुमाईश ग्राउण्ड थाना गभाना जनपद अलीगढ़।

4–दो अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–चोरी के 15.8 किलोग्राम तांबे का तार, मोटर के पार्टस।

2–10 हजार 200 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढ़ाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.11.2024 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मंदवाड़ा चौराहा के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नजरू उर्फ नजर घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नजरू उर्फ नजर निवासी ग्राम तिस्सा थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–126**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 53 हजार रूपये नगद**
- **विभिन्न बैंको के 39 एटीएम कार्ड**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 13.11.2024 को थाना सेक्टर–126 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुश्ता रोड असगरपुर टी प्वाइंट के पास से 02 अभियुक्तों 1–अंकुर 2–देवेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 53 हजार रूपये नगद, विभिन्न बैंको के 39 एटीएम कार्ड, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त देवेन्द्र के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद एवं मध्यप्रदेश प्रान्त के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 26 अभियोग एवं अभियुक्त अंकुर के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त भोले भाले लोगो को एटीएम से पैसे निकालने में मदद करने के बहाने धोखे से उनका एटीएम बदल कर धोखाधड़ी की घटना कारित करते है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–126 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकुर निवासी ग्राम गुज्जा थाना बसौनी कमिश्नरेट आगरा।

2–देवेन्द्र निवासी ग्राम चचूला थाना दनकौर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1—धोखाधड़ी के 53 हजार रूपये नगद।

2—विभिन्न बैंको के 39 एटीएम कार्ड।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद चन्दौली/थाना कन्दवा/थाना सैयदराजा**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 09 लाख रूपये कीमत के 832.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब**
- **03 मोबाइल फोन**
- **03 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 13.11.2024 की रात्रि थाना कन्दवा, थाना सैयदराजा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों से 05 अभियुक्तों 1—निरंजन कुमार 2—अरविन्द 3—शनि कुमार 4—दीपक कुमार 5—विकास उर्फ खडखड को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 09 लाख रूपये कीमत के 832.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 03 मोबाइल फोन, 03 चार पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कन्दवा व थाना सैयदराजा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—निरंजन कुमार निवासी चिन्दुवारा थाना थरथरी जनपद नालंदा, बिहार।

2—अरविन्द निवासी चिन्दुवारा थाना थरथरी जनपद नालंदा, बिहार।

3—शनि कुमार निवासी कंकणबाग कुम्भार टोली थाना कंकणबाग जनपद पटना, बिहार।

4—दीपक कुमार निवासी कंकणबाग कुम्भार टोली थाना कंकणबाग जनपद पटना, बिहार।

5—विकास उर्फ खडखड निवासी भुसीकृतपुरवा थाना शहाबगंज जनपद चन्दौली।

**बरामदगी**

1—लगभग 09 लाख रूपये कीमत के 832.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब।

2—03 मोबाइल फोन।

3—03 चार पहिया वाहन।

## जनपद बरेली/थाना सीबीगंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 14.11.2024 को थाना सीबीगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परसाखेड़ा रोड नं0—3 कट के पास से 02 अभियुक्तों 1—सौरभ 2—गौरव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना सीबीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सौरभ निवासी राधिका इंकलेब कर्मचारीनगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

2—गौरव निवासी राधिका इंकलेब कर्मचारीनगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम।

## जनपद शामली/थाना थानाभवन

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) 50 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा पत्ती**
- **01 कार बरामद**

दिनॉकः 14.11.2024 को थाना थानाभवन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नागल पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों 1—नदीम 2—वकील

को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 50 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा पत्ती, 01 कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नदीम निवासी ग्राम घोघरी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

2–वकील निवासी ग्राम घोघरी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 15 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) 50 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा पत्ती।

2–01 कार।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जानगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 57 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खुर्जानगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/364ए/302/201 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त ताहिर को आजीवन कारावास व 57 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद उन्नाव/थाना कोतवाली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 15–15 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 498ए/304बी भादवि व 4 डीपी पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–संतोष 2–विकास को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास व 15–15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बहराइच/थाना हरदी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना हरदी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सुनील कुमार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद कौशाम्बी/थाना सैनी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना सैनी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अर्जुन को 07 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

-------